Dr Sharan spoke of various vaccines for preventable infectious diseases. She said: "There are vaccines for diseases like tuberculosis, Hepatitis B, cervical cancer, measles, mumps and rubella. Rubella is dangerous, especially for pregnant women. It can cause congenital malformations for the foetus, and lead to abortion in severe cases."

Dr Tejaswi advised all present to "wash hands before eating food and drink potable water that is pure. Use a handkerchief when sneezing."

## News meet

The All India Democratic Youth Organisation on Tuesday highlighted the problem of increasing unemployment and the rise in cases of sexual assault on women.

General secretary Pratibha Nayak in her address said: "The curtailment of job opportunities and replacement of permanent posts with that of contractual posts has caused unemployment to reach an acute stage." She also criticised the Union government for providing the students of Industrial Training Institutes with a meagre stipend of only Rs 1500.

"The admission to the course remains costly and the course structure is complicated," added Nayak. Senior vice-president of the youth organisation Deepak Kumar said that unemployment and other important issues were not being addressed by the successive governments.

*SHUCHISMIT CHAKRABORT*

**Free Blood Sugar Checkup & TB Awareness Camp, Patna (14th Nov. 2016):**
PAHAL organized a free Blood sugar Testing & TB Awareness camp on 14th Nov. 2016. Dr. Diwakar Tejaswi , Medical Director of PAHAL talked about the danger of high blood sugar. He also explained the precaution to control the BP and blood sugar. About 100 persons were tested in the camp and also free advices were given to the patients.



आज पटना

मंगलवार, १५ नवम्बर, २०१६

# अनियंत्रित मधुमेह रोगियों में टीबी की संभावना अधिक : डॉ तेजस्वी

## मधुमेह जगारूकता कार्यक्रम आयोजित

(आज समाचार सेवा)

पटना। अनियंत्रित मधुमेह वाले रोगियों में टीबी रोग होने की संभावनाएं अधिक होती है। लोगों को शारीरिक परिश्रम एवं खान-पान पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है तथा समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की जांच करानी चाहिए। इसकी जानकारी सोमवार को विश्व मधुमेह दिवस की पूर्व संध्या पर पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ दिवाकर तेजस्वी ने मधुमेह जागरूकता कार्यक्रम में दी। डॉ तेजस्वी ने बताया कि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से ज्यादा से खांसी हो रही हैं, सीने में दर्द हो, बलगम में खुन हो, शाम हल्की बुखार आती हो, कमजोरी हो, वजन का हरास हो। ये सभी टीबी के लक्षण हो सकते है। वैसे लोगों को निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में बलगम की जांच करा लेनी चाहिए। खांसी के रोगियों को खांसते वक्त मुंह पर रूमाल रख लेनी चाहिए, क्योंकि टीबी के रोग का फैलाव का मुख्य कारण रोगियों के खांसने एवं छीकने से वातावरण में निकलक टीबी के किटाणु होते है। फेफड़ों की टीबी के रोगियों की चिकित्सीय देख-रेख में कम से कम 6 से 9 महीने की नियमित दवाओं की सेवन करनी चाहिए तथा रीढ़ के हड्डियों एवं मष्तिक के टीबी के रोगियों को डेढ़ साल से दो साल तक दवाओं की सेवन करनी पड़ सकती है। डॉ तेजस्वी ने बताया कि जिनके करीबी रिश्तेदारों में मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की शिकायत है, उन्हें ज्यादा सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को कमजोरी लगती हो, बार-बार पेशाब होता हो, अत्यधिक प्यास लगती हो, पैरो में टटैनी हो, घाव जल्दी नहीं भरता हो तो उन्हें रक्त में चीनी की जांच अवश्य करा लेनी चाहिए। इस अवसर पर 100 लोगों का निःशुल्क जांच की गयी। जिसमें 15 लोगों में मधुमेह पाया गया।

**WORLD AIDS DAY- HIV/ AIDS Awareness Camp at, Patna (30th Nov. 2016):** On eve of "World AIDS Day", HIV/AIDS Awareness Camp, at Patna under the banner of PAHAL. Medical Director PAHAL, Dr Diwakar Tejaswi spoke on length about HIV/AIDS in the Awareness camp along with other medical experts including Dr Himanshu Roy, Dr Kiran Sharan and Dr Manoj Kumar.

दैनिक भास्कर PATNA, THURSDAY, 1/12/2016

## बिहार में 1,27,000 एचआईवी संक्रमित

पटना • डीबी स्टार

बिहार में दस साल पहले एचआईवी से संक्रमित महिलाओं की संख्या 15 से 20 प्रतिशत थी। आज यह बढ़कर करीब 40 प्रतिशत हो गई है। बिहार में लगभग 1,27,000 एचआईवी से संक्रमित लोग हैं, जिनमें मात्र 67 हजार की पहचान हो पाई है। वर्ल्ड एड्स डे की पूर्व संध्या पर शहर के एक निजी होटल में बुधवार को जेनेक्स एवं पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एप्रोच फॉर लिविंग की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। यह बातें संस्था के निदेशक डॉ.दिवाकर तेजस्वी ने कहीं। भूख नहीं लगना, वजन घटना, लगातार दस्त, बुखार इस बीमारी के लक्षण हो सकते हैं। डॉ.हिमांशु राय ने कहा कि एचआईवी से संक्रमित दंपती अगर बांझपन के शिकार हैं तो उचित इलाज से एचआईवी मुक्त स्वस्थ बच्चा पा सकते हैं। डॉ.किरण शरण ने बताया कि एचआईवी संक्रमित नवजात शिशुओं का इलाज संभव है। डॉ.मनोज कुमार ने कहा कि एचआईवी मरीजों की सर्जरी आसानी से हो सकती है। बिहार नेटवर्क ऑफ पीपल लिविंग विथ एचआईवी एड्स के अध्यक्ष ज्ञान रंजन ने बताया कि संक्रमित मरीज दवा के सेवन से लोग सामान्य जीवन यापन कर सकते हैं।



कार्यक्रम में डॉ. हिमांशु राय, डॉ. दिवाकर तेजस्वी डॉ. किरण शरण, डॉ.मनोज कुमार।

**पटना सिटी।** नालंदा मेडिकल कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम हुआ। निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसके विजेताों की घोषणा गुरुवार को होगी। मेडिकल एजुकेशन यूनिट की को-कोर्डिनेटर डॉ. अमिता सिन्हा ने बताया कि कल नालंदा मेडिकल कॉलेज में जागरुकता रैली निकाली जाएगी। एड्स से बचाव के बारे में कार्यशाला होगी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में निणायक की भूमिका में डॉ. चंद्रशेखर, डा प्रकाश चंद्र एवं डा अखौरी पीके सिन्हा शामिल हैं।

THE TIMES OF INDIA, PATNA
THURSDAY, DECEMBER 1, 2016

## 'Only half of 1.23L people with HIV in state identified'

**Patna:** Only 67,000 of the 1.23 lakh people with HIV in the state are identified, and less than half of the identified ones are registered at the Anti-Retroviral Therapy (ART) centers.

This was stated by physician Diwakar Tejaswi, a former member of one of the bodies of Bihar government's State Aids Control Society, while addressing the media on Wednesday on the eve of Worlds Aids Day.

Gynaecologist Dr Sarika Roy said an expectant mother with HIV could give birth to a non-HIV baby if she took ART drugs and consulted doctors regularly for investigation. The doctors regretted that many of his colleagues shoo away HIV people when they come for surgery even though it is perfectly safe to perform operations on them using medical kits and following a protocol called 'Universal Works Precaution'. They said if a surgeon is pricked by a needle during the surgery, the chances of his getting HIV infection is 1 in 1,000. "If a doctor gets pricked and he takes post-exposure prophylaxis drugs within 12 hours and continues taking those drugs for 28 days, the chances of his getting infected are reduced by 80%," Dr Tejaswi said.Gyan Ranjan, head of the Bihar Network of people affected by HIV, urged the state government to ensure that HIV patients were not shooed away from government hospitals.

According to Dr Tejaswi, a person with HIV shows symptoms like abrupt loss of weight, weakness, boils on skin and loss of appetite. "People with HIV are more prone to TB. In fact, 60% HIV patients are suffering from TB," he said. TNN

गुरुवार • 01 दिसम्बर 2016

हिन्दुस्तान

## संक्रमित महिला भी दे सकती है बच्चे को जन्म

**पटना।** विश्व एड्स दिवस की पूर्व संध्या पर पहल द्वारा आयोजित प्रेसवार्ता डॉक्टरों ने कहा कि एचआईवी संक्रमित गर्भवती भी स्वस्थ्य बच्चे को जन्म दे सकती है। इसके लिए परिवार एवं डॉक्टर दोनों को गंभीर होना होगा।

डॉ. किरण शरण ने कहा कि एचआईवी से संक्रमित महिला में दवा के माध्यम से वायरस के संक्रमण को कम किया जा सकता है। ऐसे में जन्म लेने वाला बच्चा सुरक्षित रहता है। वायरस का संक्रमण कम होने पर मां बच्चे को दूध पिला सकती है। डॉ. हिमांशु राय ने कहा कि सीमेन वॉश के जरिये एचआईवी संक्रमित दम्पती स्वस्थ संतान पा सकते हैं।

यह भ्रांति गलत है कि एड्स पीड़ित को संतान नहीं हो सकती। प्रभावित व्यक्ति को चिंता बिल्कुल नहीं करना चाहिए। प्रेसवार्ता में डॉ. दिवाकर तेजस्वी और डॉ. मनोज कुमार भी मौजद थे।




विश्व एड्स दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार को पहल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टर। • हिन्दुस्तान

**R. K. Memorial Cancer Awareness Program, Patna (9th Dec. 2016):**

PAHAL organized R. K. Memorial Cancer Awareness Camp at Nema Place, Exhibition Road, Patna, Dr Diwakar Tejaswi, Medical Director PAHAL, explained about the different types of cancer in his talk along with all about preventive measures that can be taken. Many people were benefited in the cancer awareness camp. He emphasized on cancer preventive vaccines like Cervical Cancer preventive vaccine and Hepatitis B Preventive vaccine.

आज पटना
शनिवार, 10 दिसम्बर, 2016

## गर्भाशय कैंसर से बचाव के लिए महिलाएं करायें टीकाकरण

(आज समाचार सेवा)
पटना। गर्भाशय कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण उपलब्ध हो गया है, जो 13–14 साल की लड़कियां से लेकर 40–45 साल की महिलाओं को दी जा सकती है। इसलिए गर्भाशय के मुंह के कैंसर से बचाव के लिए महिलाओं को टीकाकरण जरूर करा लेनी चाहिए। ये बाते पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ दिवाकर तेजस्वी ने शुक्रवार को 9वां आरके मेमोरियल कैंसर प्रीवेनशन कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर



शिशु रोग विशेषज्ञा डॉ किरण शरण ने बताया कि गर्भाशय कैंसर ह्युमन पेपिलोमा वाइरस से होता है, जो गर्भाशय के प्रवेश द्वार को संक्रमित करता है। यह बाइरस यौन अंग के आस-पास त्वचा से त्वचा संपर्क से फैलता है एवं युवा वर्ग की महिलाओं में इसके संक्रमण की संभावना अधिक होती है। उन्होंने बताया कि पेप इस्मियर टेस्ट से शुरूआती चरणों में गर्भाशय कैंसर का पता चलता है। इस अवसर पर करूणा शरण, डॉ दिपिका तेजस्वी, नन्दनी शरण, रजनीश शरण एवं पहल के पवन कुमार साव, सुमन कुमार, मनोज कुमार भी मौजूद थे।

**Free Thyroid Testing & Awareness Camp, Patna (16th January 2017)**

PAHAL organized free Thyroid Testing & Awareness camp at Exhibition Road, Patna. Dr Diwakar Tejaswi, Medical Director PAHAL spoke on Hypothyroid Symptoms , About 100 persons were tested in the camp and also free advices were given to the patients.

प्रभात खबर पटना. मंगलवार 17.01.2017

## हाइपोथाइराइड के कारण मंदबुद्धि

- पहल की ओर से नि:शुल्क थाइराइड जांच शिविर आयोजित

पटना. थाइराइड की कमी से अनेकों स्वास्थ्य संबंधी परेशानी हो सकती है. यह साइलेंट किलर के नाम से जाना जाता है. मानव शरीर के गले में पायी जाने वाली थाइराइड ग्रंथी मेटाबोलिज्म की गति को नियंत्रित करती है. थाइराइड हारमोन की कमी को हाइपोथाइराइडिज्म कहते हैं. इसमें थकान, कमजोरी, मोटापा, बाल झड़ना, हाथपैर ठंडे रहना,कब्ज, त्वचा सुखना, याददाश्त कमजोर होने से लेकर प्रतिरोधक क्षमता कम होने जैसे समस्याएं होती है. यह जानकारी वरिष्ठ फिजिशियन दिवाकर तेजस्वी ने पहल के तत्वावधान में आयोजित नि:शुल्क थाइराइड जांच शिविर में दी.

सहारा पटना। मंगलवार • 17 जनवरी • 2017

## 'हाइपोथायरायड के कारण पैदा हो सकते हैं मंद बुद्धि बच्चे'

पटना (एसएनबी)। 'पहल ' के तत्वावधान में आयोजित नि:शुल्क थायरायड जांच शिविर में एक सौ लोगों की जांच की गई। वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने कहा कि थायरायड की कमी से कई बीमारियां होने का खतरा उत्पन्न होता है। डॉ. तेजस्वी ने कहा कि थायरायड हारमोन की कमी को हाइपोथायराइडिज्म कहते हैं। इसमें थकान, कमजोरी, मोटापा, बाल झड़ने, हाथ पैर ठंडा रहने , कब्ज एवं याददाश्त कमजोर होने की परेशानी हो सकती है। उन्होंने बतायाकि महिलाओं में थायरायड की समस्या तेजी से ब ढ़ रही है। यह बांझपन का एक प्रमुख कारण है। उन्होंने बताया कि गर्भवती महिला में यह समस्या होने से मंद बुद्धि बच्चे पैदा हो सकते हैं। शिविर में जांच के क्रम में पन्द्रह लोगों में थायरायड की कमी के लक्षण पाये गए।

आज पटना
मंगलवार, १७ जनवरी, २०१७

## हाइपोथाईराइड के कारण जन्म लेते हैं मंद बुद्धिवाले बच्चे

**नि:शुल्क थाईराइड जांच शिविर में 100 लोगों ने करायी जांच**

(आज समाचार सेवा)
पटना। यदि गर्भवती महिला में हाइपोथाईराइड की समस्या है तो उससे जन्म लेने वाला बच्चा मंद बुद्धि का हो सकता है। इसकी जानकारी सोमवार को पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ दिवाकर तेजस्वी ने नि:शुल्क थाईराइड जांच शिविर में दी। उन्होंने बताया कि थाईराइड की कमी से अनेकों स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। यह साइलेंट किलर के रूप में जाना जाता है।

मानव शरीर के गले में पायी जाने वाली थाईराइड ग्रन्थि चयापचय की गति को नियंत्रित करती है। उन्होंने बताया कि थाईराइड हारमोन की कमी को हाइपोथाईराइडिज्म कहते हैं। इसमें थकान, कमजोरी, मोटापा, बाल झरना, हाथ-पैर ठंडे रहना, कब्ज रहना, त्वचा सुखना एवं यादास्त कमजोर होने से लेकर प्रतिरोधक क्षमता कम होने जैसी समस्याएं होती है। देश में चार करोड़ से उपर लोग इस बीमारी से पीड़ित है। खासकर महिलाओं में थाइराइड की समस्या तेजी से बढ़ रही है। यह बांझपन के भी प्रमुख कारणों में एक है। जांच शिविर में 100 लोगों की थाईराइड जांच की गई, जिनमें 15 लोगों में थाइराइड की कमी के लक्षण पाये गये।

**<u>Cancer Awareness Program, Patna (4th Feb. 2017):</u>** PAHAL organized Cancer Awareness Camp at Nema Place, Exhibition Road, Patna. Dr Kiran Sharan, Child Specialist, talked about the mouth cancer and its prevention. Dr Diwakar Tejaswi, Medical Director PAHAL, explained the different kind of cancer in his speech. They also talked about preventive measures. Many people were benefited in the awareness camp.

हिन्दुस्तान पटना • रविवार • 05 फरवरी 2017

**बचाव को टीका जरूरी**

पहल संस्था के डॉ.दिवाकर तेजस्वी ने कहा कि गर्भाशय कैंसर से बचने के लिए महिलाएं टीका लगवाएं। इधर वीमेंस कॉलेज में कैंसर केयर एंड क्योर पब्लिक चैरिटेबल ट्रस्ट के सेमिनार में डॉ. अरविंद व प्राचार्या सिस्टर मेरी जेस्सी एसी मौजूद थे।

आज पटना रविवार, ५ फरवरी, २०१७

**गर्भाशय कैंसर से बचने के लिए महिलाएं लगवाएं टीका**

(आज समाचार सेवा)

पटना। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ दिवाकर तेजस्वी ने कैंसर जागरूकता शिविर में बताया कि आज कम उम्र के लोगों में भी विभिन्न अंगों के कैंसर के दर में ही हो रही बढ़ोत्तरी चिंता का विषय बनता जा रहा है। इसके लिए कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों के बारे में जन जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। डॉ तेजस्वी ने महिलाओं में गर्भाशय कैंसर से बचाव के लिए टीका लगवाने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि अब इसका टीका उपलब्ध हो चुका है, जो 13 वर्ष से 42 वर्ष तक की महिलाएं टीका लगवा सकती है। उन्होंने बताया कि मुंह के कैंसर का सर्व प्रमुख कारण पान-मसाला एवं गुटखा का प्रयोग है एवं लोगों को इससे परहेज करनी चाहिए।

दैनिक भास्कर पटना, रविवार 5 फरवरी, 2017 | 8

**महिलाएं लगवा सकती है टीका**

गर्भाशय के मुंह के कैंसर से बचाव के लिए महिलाएं टीका लगवा सकती हैं। टीका लेने से सरवाइकल कैंसर से बचाव होता है। 13 साल की बच्ची से लेकर 42 साल तक इस टीके को ले सकती हैं। यह कहना है पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी का। वे विश्व कैंसर दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

राष्ट्रीय सहारा पटना। रविवार • 5 फरवरी • 2017

**प्रारंभिक लक्षण दिखते ही चिकित्सक की लें सलाह : डॉ. तेजस्वी**

पटना। आज कम उम्र के युवा भी तेजी से कैंसर की चपेट में आ रहे हैं। कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों के बारे में बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है, ताकि समय रहते कैंसर की पहचान की जा सके। ये बातें विश्व कैंसर दिवस पर पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एपरोच फॉर लिविंग 'पहल' के चिकित्सा निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने कही।

## **Doctor Samman Samaroh (8th Feb. 2017):**

PAHAL organized Dr K K Sharan Memorial Chikitsak Samman Samaroh at Exhibition road, Patna. Noted Surgeon Dr Narendra Prasad, Noted Gynecologist Dr Shanti Roy and Noted ENT Specialist Dr S K Verma were honoured for their contribution in medical field.

आज पटना गुरुवार, ९ फरवरी, २०१७

# तीन चिकित्सकों को केके शरण स्मृति सम्मान



( आज समाचार सेवा )

पटना। पहल के द्वारा स्थानीय डॉ दिवाकर तेजस्वी क्लिनिक पटना में डॉ केके शरण स्मृति चिकित्सक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जाने5मने शल्य चिकित्सक पद्मश्री डॉ नरेन्द्र प्रसाद, डॉ शांति राय एवं ईएनटी रोग विशेषज्ञ डॉ एसके वर्मा को पूर्व सिविल सर्जन डॉ आरआर प्रसाद एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ किरण शरण के द्वारा स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि मरीजों के समस्याओं का सहानुभूति पूर्वक ध्यान से सुनने की आवश्यकता होती है एवं इसके बाद ही मरीजों की जांच-पड़ताल के बाद दवा एवं चिकित्सीय सलाह देने की बात होनी चाहिए।

दैनिक भास्कर PATNA, THURSDAY, 09/02/2017

# कई डॉक्टरों को मिला डॉ.केके शरण स्मृति चिकित्सक सम्मान



डॉ. किरण शरण, डॉ. दिवाकर तेजस्वी, डॉ. शांति राय, डॉ. नरेन्द्र प्रसाद, डॉ. एसकेवर्मा व डॉ. आरआर प्रसाद।

पटना • डीबी स्टार

पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एपरोच फॉर लिविंग की ओर से डॉ.केके शरण स्मृति चिकित्सक सम्मान समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया। इसमें पद्मश्री डॉ.नरेन्द्र प्रसाद, डॉ. शांति राय, डॉ. एसके वर्मा को सम्मानित किया गया। पूर्व सिविल सर्जन डॉ. आरआर प्रसाद एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. किरण शरण ने इन्हें स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। पहल के निदेशक डॉ.दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि मरीजों की समस्याओं को सहानुभूति पूर्वक ध्यान से सुनने की आवश्यकता होती है। सभी डॉक्टरों ने अपने अनुभव को मरीजों एवं अतिथियों के साथ साझा किया। उन्होंने कहा कि डॉ. केके. शरण समय के बहुत पाबंद थे। मरीज को अपने परिवार का अंग मानते थे। हम सभी को इनके जीवन से सीख लेना चाहिए। इस अवसर पर सभी डाक्टरों को समर्पित एक कविता भी सुनाया गया। इसके बोल थे... उखड़ती सांसों को, वो अक्सर संभाल लेता है। अच्छे-अच्छों को मौत के मुंह से निकाल लेता है। ना वो हिन्दू देखता है,, ना कभी मुसलमान देखता है। खुदा का बंदा है वो, हर शख्स में बस इंसान देखता है।

**<u>HIV/AIDS Awareness Program at Patna (14th Feb. 2017):</u>** An HIV AIDS awareness program was organized PAHAL at Exhibition Road, Patna. Dr Diwakar Tejaswi Medical Director Pahal delivered the elaborated talk on HIV/AIDS.

राष्ट्रीय सहारा पटना। बुधवार ● 15 फरवरी ● 2017

## एचआईवी संक्रमित महिला भी बन सकती है मां

**पटना।** एचआईवी संक्रमित महिला भी मां बन सकती है। मंगलवार को एचआईवी/ एड्स जागरूकता कार्यक्रम में 'पहल' के चिकित्सा निदेशक एवं वरिष्ठ एड्स विशेषज्ञ डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने एनसीसी कैडेटों को इस बीमारी के लक्षण एवं बचाव की जानकारी दी। उन्होंने बीमारी के बारे में फैली भ्रांतियों को भी दूर किया। डॉ. दिवाकर ने बताया कि असुरक्षित यौन संबंध, एचआईवी संक्रमित सूई का प्रयोग, एचआईवी संक्रमित खून चढ़ाये जाने एवं एचआईवी संक्रमित गर्भवती महिला से उसके नवजात शिशुओं में संक्रमण का खतरा रहता है। संक्रमण के दौरान धीरे-धीरे वजन घटना, कमजोरी, लगातार दस्त, बुखार, ग्रंथियों में सूजन, चमड़े में फुंसियां, भूख में कमी आ जाती है। उन्होंने बताया कि संक्रमित गर्भवती मां अपने नवजात को संक्रमण से बचाने के लिए डॉक्टर की सलाह पर दवा का प्रयोग करे तो संक्रमण के फैलने के खतरे को कम किया जा सकता है।

आज पटना बुधवार, १५ फरवरी, २०१७

## एचआईवी संक्रमित महिला भी बन सकती है मां



पटना (आसस)। एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों से असुरक्षित यौन संबंध बनाने से, एचआईवी संक्रमित सूई का प्रयोग करने से, संक्रमित खून के शरीर में चढ़ाये जाने से तथा एचआईवी संक्रमित गर्भवती महिला से उनके नवजात शिशुओ में संक्रमण का खतरा रहता है। उक्त बातें एडस जागरुकता कार्यक्रम के दौरान एनसीसी कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पहल के चिकित्सा निदेशक डा दिवाकर तेजस्वी ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि इस संक्रमण के दौरान धीरे धीरे वजन घटना, कमजोरी, लगातार दस्त, बुखार, ग्रंथियों में सूजन, चमड़े में फुंसियां तथा भूख में गिरावट इसका मुख्य लक्षण है। इस संक्रमण से बचने के लिए असुरक्षित यौन संबंध ना बनाये, संक्रमित व्यक्ति चिकित्सक की सलाह पर दवा का प्रयोग करें तो इस संक्रमण के फैलने के खतरे को कम किया जा सकता है। एचआईवी के संक्रमण होने के बाद टीबी की आशंका काफी बढ़ जाती है। इस अवसर पर ले कर्नल सुजीत समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

**On Eve of World TB Day: TB Awareness Camp at Patna (23rd March 2017):** TB Awareness Camp organized under the banner of PAHAL . Medical Director PAHAL Dr. Diwakar Tejaswi , delivered informative lecture on TB along with Dr Kiran Sharan and Dr Tanya.

आज पटना शुक्रवार, २४ मार्च , २०१७

## प्रतिदिन 5000 लोग टीबी के हो रहे शिकार : डा. तेजस्वी




पटना। देश एवं बिहार में 5 में से दो लोग टीबी से संक्रमित है एवं देश में प्रतिदिन 5000 लोग टीबी के कीटाणु के शिकार हो रहे हैं। फेफड़ों की टीबी से संक्रमित एक व्यक्ति एक साल में 10 से 15 स्वस्थ्य लोगों को संक्रमित कर सकता है। इसकी जानकारी पहल के चिकित्सा निदेशक एवं वरिष्ठ फिजिशियन डॉ दिवाकर तेजस्वी ने गुरुवार को विश्व यक्ष्मा दिवस की पूर्व संध्या पर दी। डॉ तेजस्वी ने बताया कि सरकारी आकड़ों के अनुसार बिहार में वर्ष 2015-16 में कुल करीब 65 हजार टीबी के रोगी डॉट्स प्रोग्राम के अन्तर्गत रजिस्टर्ड हुए थे। जिनमें 44,238 मरीजों के खखार में टीबी के कीटाणु पाये गये थे। उन्होंने प्रतिरोधक टीबी यथा एमडीआर एवं एक्सडीआर टीबी को अत्यंत घातक बताते हुए टीबी के रोगियों को सामान्यत: 6 से 9 महीनों की टीबी की पूरी दवा की कोर्स लेने की बात कही। डॉ तेजस्वी ने बताया कि विश्वभर में सर्वाधिक टीबी के मरीज भारत में हैं जो पूरे विश्व के टीबी के मरीजों का 20 प्रतिशत है। प्रतिवर्ष 18 लाख व्यक्ति टीबी की बीमारी की चपेट में आते है। इस अवसर पर शिशु रोग विशेषज्ञा डॉ किरण शरण ने बच्चों में टीबी से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं सभी बच्चों में बीसीजी के टीकाकरण पर बल दिया। डॉ तेजस्वी ने फेफड़े के टीबी के लक्षण बताते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से ज्यादा से खांसी हो रही हैं, सीने में दर्द हो, बलगम में खून हो, शाम के शम हल्की बुखार आती हो, कमजोरी हो, वजन का हरास हो ये सभी टीबी के लक्षण नहीं हो सकते है। वैसे लोगों को निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र पर जाकर अपने बलगम की जांच करा लेनी चाहए। इस अवसर बांझपन रोग विशेषज्ञ डॉ तानया मोरबिट भी मौजूद थी।

सहारा पटना। शुक्रवार • 24 मार्च • 2017

## सूबे में हर पांच में से दो लोग टीबी के कीटाणु से संक्रमित

**देश में प्रतिदिन 5000 लोग हो रहे टीबी कीटाणु के शिकार**

पटना (एसएनबी)। बिहार जैसे पिछड़े राज्यों में टीबी आज भी एक गंभीर समस्या है। इसकी भयावहत का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यहां प्रत्येक पांच में से दो व्यक्ति टीबी के कीटाणु से संक्रमित हैं एवं देश में प्रतिदिन 5000 लोग टीबी के कीटाणु के शिकार हो रहे हैं। फेफड़ों की टीबी से संक्रमित एक व्यक्ति एक साल में दस से पन्द्रह स्वस्थ लोगों को संक्रमित कर सकता है।

ये बातें विश्व टीबी दिवस की पूर्व संध्या पर 'पब्लिक अवेयरनेस फॉर हेल्थफुल एपरोच फॉर लिविंग' (पहल) विषय पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन में प्रसिद्ध फिजिशियन डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने कही। उन्होने बताया कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार बिहार में वर्ष 2015-16 में कुल करीब 65000 टीबी के रोगी डॉट्स प्रोग्राम के अन्तर्गत रजिस्टर्ड हुए थे, जिनमें 44,238 मरीजों के खखार में टीबी के कीटाणु पाये गये थे। डॉ. तेजस्वी ने बताया कि प्रतिरोधक टीबी यथा एमडीआर एवं एक्सडीआर टीबी को अत्यंत घातक बताते हुए टीबी के रोगियों को सामान्यतः छह से नौ महीने की टीबी की दवा का कोर्स लेने की बात कही। विश्वभर में सर्वाधिक टीबी के मरीज भारत में हैं, जो पूरे विश्व के टीबी के मरीजों का 20 प्रतिशत है। प्रतिवर्ष 18 लाख व्यक्ति टीबी की बीमारी की चपेट में आते हैं।

इस अवसर पर शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. किरण शरण ने बच्चों में टीबी से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं सभी बच्चों में बीसीजी के टीकाकरण पर बल दिया। डॉ. तेजस्वी ने फेफड़े के टीबी के लक्षण बताते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से ज्यादा से खांसी हो रहा है, सीने में दर्द हो, बलगम में खून आ रहा हो, शाम के शाम हल्का बुखार आता हो, कमजोरी हो, वजन का ह्रास हो रहा हो तो ये टीबी के लक्षण हो सकते है। वैसे लोगों को निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में बलगम की जांच करा लेनी चाहिए।

**Fatty Liver Awareness Camp at Patna (26th March 2017):** Fatty Liver Awareness Camp was organized under the banner of PAHAL at **Kankarbagh, Patna** . Medical Director Pahal Dr. Diwakar Tejaswi , delivered informative talk on Fatty Liver, its complication and prevention.

प्रभात खबर 27.03.2017 पटना, सोमवार

## पेट में दाहिनी तरफ दर्द हो तो लें सलाह

**पटना.** पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि फैटी लीवर डिजीज लीवर जनित समस्याओं के प्रमुख कारण बन रहे हैं . इसके होने में शराब का सेवन, मोटापा, डायबिटीज, कोलेस्ट्रॉल, हाइपोथराइड, व्यायाम की कमी आदि प्रमुख कारण हैं . कंकड़बाग में आयोजित सीएमइ को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इसको पहचानने के लिए ब्लड की जांच के साथ ही लीवर का अल्ट्रासाउंड जरूरी है . यदि किसी व्यक्ति को भूख कम लगे, पेट में दाहिनी साइड में दर्द रहे, पाचन क्रिया कमजोर हो, तो उन्हें चिकित्सीय सलाह लेनी चाहिए . फैटी लीवर ग्रेड थ्री व ग्रेड फोर उस व्यक्ति के लिए गंभीर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न कर सकती है .

दैनिक जागरण, Patna, 27 March 2017

## फैटी लीवर है कई बीमारियों का कारण

**PATNA:** फैटी लीवर कई बीमारियों का कारण है. शराब का सेवन, मोटापा, डायबिटिज, बढ़ा हुआ कैलेस्ट्रोल, हाईपोथाइराइड, एक्सरसाइज की कमी इसके होने के प्रमुख कारण हैं. इसे पहचाने के लिए ब्लड जांच के साथ साथ लीवर का अल्ट्रासाउंड जरूरी होता है. ये बातें कंकड़बाग, पटना में आयोजित एक सीएमई के दौरान पहल के निदेशक डॉ दिवाकर तेजस्वी ने कही. उन्होंने बताया कि फैटी लीवर खतरनाक है जिन्हें भूख कम लगने, पेट में दाहिने ओर पाचन क्रिया कमजोर होने लगे.

आज
पटना
सोमवार, २७ मार्च, २०१७

## फैटी लीवर डिजीज जनित समस्याओं का प्रमुख कारण

( आज समाचार सेवा )

पटना। फैटी लिवर डिजीज लिवर जनित समस्याओं के प्रमुख कारणों में उभर कर आ रहा है। इसके होने का प्रमुख कारण शराब का सेवन, मोटापा, डायबिटिज, बढ़ा हुआ कोलस्टोल, हाईपोथराईड, एक्सरसाइज की कमी है।

इसको पहचानने के लिए ब्लड जांच के साथ-साथ लिवर का अल्ट्रसाउंड जरूरी होता है। इसकी जानकारी पहल के चिकित्सा निदेशक डॉ दिवाकर तेजस्वी ने फैटी लिवर पर आयोजित सीएमई में कही। उन्होंने बताया कि यदि किसी व्यक्ति को भूख कम लगे, पेट में दाहिने साईड में दर्द रहे, पाचन कमजोर रहे तो उन्हें चिकित्सीय सलाह लेनी चाहिए।

फैटी लिवर ग्रेड-3, ग्रेड-4 उस व्यक्ति के लिए गंभीर स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न कर सकता है।

राष्ट्रीय सहारा पटना। सोमवार • 27 मार्च • 2017

## फैटी लीवर के लक्षण दिखें तो तत्काल लें चिकित्सकीय सलाह

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

पटना।

यदि किसी व्यक्ति को भूख कम लगे, पेट के दाहिने साइड दर्द हो और पाचन प्रक्रिया भी कमजोर रहे तो यह हो सकता है फैटी लीवर

**राजधानी में आयोजित सीएमई में वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने दी सलाह**

**भूख कम लगना, पेट के दाहिने साइड में दर्द और पाचन प्रक्रिया में कमजोरी हो सकता है फैटी लीवर का लक्षण**

का लक्षण। इस तरह की समस्या से ग्रसित लोगों को तत्काल चिकित्सीय सलाह लेनी चाहिए। यह बातें राजधानी के एक होटल में फैटी लीवर पर आयोजित सीएमई में वरिष्ठ फिजिशियन एवं 'पहल' के चिकित्सा निदेशक डॉ. दिवाकर तेजस्वी ने कहीं। उन्होंने कहा कि खानपान में बदलाव, ओबेसिटी एवं मेटाबॉलिक डिसऑर्डर के कारण फैटी लीवर के रोगियों की संख्या बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि फैटी लीवर डिजिज लीवरजनित समस्याओं का प्रमुख कारण बनकर उभर रहा है। इसके होने की मुख्य वजह शराब का सेवन, मोटापा, डायबिटिज, बढ़ा हुआ कोलेस्ट्रॉल, हाइपोथायरायड, एक्सरसाइज की कमी आदि है। इसकी जांच के लिए ब्लड जांच के साथ लीवर का अल्ट्रासाउंड आवश्यक है।